एक-दूसरे के गले लगकर कहा ईद मुबारक

एसपी आनंद कलादगी ईदगाह पहुंचकर मुबारकबाद दी और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया

हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईदुल अज़्हा पर्व

नवभारत,दमोह. देश और दुनिया के साथ दमोह जिले में भी ईदुल अजहा का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया.ईद की नमाज़ शहर के ईदगाह मस्जिद में हाफ़िज़ मुनव्वर रज़ा साहब ने पढ़ाई बाद नमाज मुल्क में अमन चौन की सामुहिक दुआ मांगीं गई.इसके बाद सभी मुस्लिम भाइयों ने गले मिलकर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी.इस अवसर पर ईदगाह मस्जिद के पास जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नगरपालिका प्रशासन के अधिकारियों की उपस्थिति रही.प्रशासन ने नमाजियों के लिए बेहतर व्यवस्थाएं की और सभी मुस्लिम भाइयों को ईद पर्व की शुभकामनाएं दी.वहीं शहर ईदगाह कमेटी अध्यक्ष आज़म ने सभी को ईद की मुबारकबाद दी.ईद-उल-अजहा के मौके पर एसपी आनंद कलादगी (आईपीएस) फुटेरा तालाब ईदगाह पहुंचे. उनके साथ एसडीएम सौरभ गंधर्व, एएसपी सुजीत सिंह भदोरिया,डिप्टी कलेक्टर रचना प्रजापति, सीएसपी एचआर पांडे,तहसीलदार रॉबिन जैन,सीएमओ राजेंद्र सिंह लोधी,टीआई कोतवाली मनीष कुमार,टीआई देहात अमित गौतम,याता यात प्रभारी दलबीर सिंह मार्को,राजस्व निरीक्षक अभिषेक जैन,गौरीशंकर, पटवारी सहित पुलिस अधिकारी मौजूद हैं. ईदगाह पहुंचकर नमाजियों को ईद की मुबारकबाद दी और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया.

तेंदूखेड़ा जामा मस्जिद में अदा की गई ईद-उल-अज़्हा की नमाज

नवभारत,तेंदूखेड़ा/दमोह। तेंदूखेड़ा नगर में ईद-उल-अज़्हा का त्योहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गुरूवार सुबह 9 बजे सभी मुस्लिम भाइयों ने जामा मस्जिद तेंदूखेड़ा में ईद की नमाज अदा की .ईद-उल-अज़्हा का त्योहार पैगम्बर इब्राहीम साहब द्वारा अपने बेटे इस्माइल को रब के लिए दिए गए बलिदान की याद दिलाता है . यह त्योहार त्याग, विश्वास और रब के प्रति अटूट प्रेम का प्रतीक है . इसमें कुर्बानी करना हर मालदार पर वाजिब है। ईद- उल-अज़्हा इस्लाम का दूसरा सबसे महत्वपूर्णत्यौहार है,जिसे ईद- उल-ज़ुहा या बकरीद के नाम से भी जाना जाता है ।नमाज के बाद सभी समुदाय के लोगों ने ईद के मौके पर गले मिलकर भाईचारे के साथ एक-दूसरे को मुबारकबाद दी और अमन चौन व खुशहाली की दुआ मांगी। इस अवसर पर पेश इमाम साहब खालिद रजा,मुस्लिम समाज के अध्यक्ष मो. समी खान(नत्थू भाईजान),उपाध्यक्ष हाजी डॉ .अब्दुल अजीज साहब,अब्दुल सलाम खान,अब्दुल खलील खान,अब्दुल कलाम (सोनू खान), इंजी .साविर खान,शोएब खान, इदरीश खान,हैदर हुसैन सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

बाबा तैयब अली शाह शहीद की दरगाह पर अदा की गई ईद की सामूहिक नमाज

बाबा तैयब अली शाह शहीद रहमतुल्लाह अलैह की दरगाह स्थित ईदगाह मस्जिद में नरसिंहगढ़ क्षेत्र के सभी नमाजियों ने पहुंचकर सामूहिक नमाज अदा की ।मौलाना हाफिज महबूब आलम की मौजूदगी में अदा की गई नमाज में करीब 400 नमाजियों ने शिरकत की। इस दौरान अमन-चौन और भाईचारे की दुआ मांगी गई। नमाज के बाद 4580 रुपए चंदा एकत्रित किया गया।

फुटेरा कला में भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाई गई ईद-उल-अजहा, प्रशासनिक अमला रहा मौजूद

नवभारत,दमोह। बटियागढ़ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम फुटेरा कला में ईद उल अजहा का पर्व बड़े ही श्रद्धा, उत्साह व आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया .ग्राम स्थित हुसैनी जमा मस्जिद मैदान में सुबह 8 बजे ईद उल अजहा की विशेष नमाज अदा की गई .नमाज हजरत सैयद तौसीफमुंशिफजाफ्री अल मदारी साहब द्वारा अदा कराई गई, जिसमें क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग शामिल .

आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने जिला कलेक्टर यादव का किया अभिनंदन

नवभारत, दमोह. आजाद अध्यापक शिक्षक संघ जिला इकाई दमोह ने अपनी संस्कृति और परंपरा के अनुरूप जिले के नवागत कलेक्टर प्रताप नारायण यादव का पुष्पहार व गुलदस्ता भेंट कर आत्मीय स्वागत व अभिनंदन किया.अभिनंदन के उपरांत कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त किया.जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी ।इस अवसर आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र यादव,जिला अध्यक्ष मुकेश सराफ़ कार्यकारी अध्यक्ष अभय भट्ट, ताहिर खान, रावेंद्र सिंह राजपूत, महेंद्र दीक्षित, सुरेंद्र चौबे आदि उपस्थित रहे.

होनहार बेटी नियती दीक्षित ने पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल से की भेंट

नवभारत,दमोह। जिले के ग्राम सकोर की होनहार बेटी और कक्षा 8वीं की छात्रा नियती दीक्षित ने भोपाल स्थित आवास पर पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल से भेंट की .इस दौरान मंत्री प्रहलाद पटेल ने नियती दीक्षित को उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया और शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। मंत्री से मुलाकात कर छात्रा नियती काफी प्रसन्न नजर आई। ग्राम सकोर की इस होनहार बेटी की मंत्री से भेंट क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है.

500 फीट गहरी खाई में भैंसों को गिराने वाले 5 आरोपी गिरफ्तार

किसानों ने फसल में नुकसान से नाराज होकर दिया घटना को अंजाम

नवभारत,जबेरा/दमोह. जबेरा थाना अंतर्गत सिंग्रामपुर चौकी क्षेत्र के पौड़ी मानगढ़ ग्राम स्थित तेलनघाटी में बीते दिनों हुई दर्दनाक घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है.अज्ञात व्यक्तियों द्वारा 13 भैंसों को करीब 500 फीट गहरी खाई में गिरा दिया गया था, जिसमें 11 भैंसों की मौत हो गई थी, जबकि 2 भैंसें गंभीर रूप से घायल हो गई थीं.घटना की शिकायत भैंस मालिकों द्वारा सिंग्रामपुर चौकी में दर्ज कराई गई थी. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदोरिया के निर्देशन तथा एसडीओपी अर्चना अहीर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान ने तत्काल जांच शुरू कराई.थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान की सक्रियता से जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि गांव के आसपास के कुछ किसान भैंसों द्वारा फसलों को नुकसान पहुंचाए जाने से नाराज थे.इसी नाराजगी में आरोपियों ने भैंसों को घाटी तक ले जाकर गहरी खाई में धक्का दे दिया. इस दर्दनाक घटना में 11 भैंसों की मौके पर मौत हो गई, जबकि 2 भैंसें घायल हो गईं.पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार विकास सिंह चौहान, चौकी प्रभारी गणेश दुबे, प्रधान आरक्षक प्रेमदास बैरागी, सतीश नामदेव, रणधीर सिंह, आरक्षक वीरेंद्र सिंह, वीरेंद्र बाघेडकर व दिलीप बघेल रहें.

ग्राम पिपरिया में श्रीमद् भागवत कथा की कलश यात्रा

नवभारत,दमोह। तहसील पटेरा के ग्राम राजघाट पिपरिया में 27 मई 2026 को श्रीमद् भागवत कथा की भव्य कलश यात्रा निकाली गई . भक्तों ने तेज धूप के बीच गांव के सभी मंदिरों में देव पूजन किया और कलश यात्रा में श्रद्धा के साथ शामिल हुए .कथा व्यास इच्छाधारी गुरु सीता नगर वाले ने कथा के मध्य बताया कि किसी को धन का नशा होता है, किसी को पद का, किसी को सुंदरता का और किसी को प्रतिष्ठा का नशा होता है, पर हम सभी भक्तों को तो भगवान के नाम का नशा है .उन्होंने कहा कि गाय माता में 33 करोड़ देवी-देवता विद्यमान हैं। आज गाय दर-दर भटक रही है, इसीलिए संसार में लोग भी भटक रहे हैं ।मनुष्य की परेशानी का मुख्य कारण गाय माता की दुर्दशा है ।जिस दिन गाय माता सुरक्षित हो जाएगी,उस दिन मनुष्य भी सुरक्षित हो जाएगा। कथा के दौरान भक्ति माता और नारद जी का संवाद भी भक्तों को सुनाया गया। कथा व्यास ने यह भी कहा कि आज के समय में भागवत कथा का व्यापार हो गया है। लोग भगवान की कथा कम सुनाते हैं और लोगों की कथा ज्यादा सुनाते हैं।

ग्रामीणों में आक्रोश

धुराई के घर से लट्टू के घर तक बनी सड़क की गुणवत्ता पर उठे सवाल, जांच की मांग

कुंडलपुर में 2 .50 रूपये लाख की सीसी सड़क पर भ्रष्टाचार के आरोप

नवभारत,पटेरा/दमोह। पटेरा जनपद की ग्राम पंचायत कुंडलपुर में भ्रष्टाचार की शिकायत सामने आई है. 2.50 रूपये लाख की लागत से धुराई के घर से लट्टू के घर तक बनाई गई सीसी सड़क के निर्माण पर ग्रामीणों ने सवाल उठाए हैं. आरोप है कि सड़क का निर्माण बेहद गुणवत्ताहीन तरीके से किया गया है, जिससे कुछ ही समय में इसकी हालत खराब होने लगी है.ग्रामीणों का कहना है कि जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण गांव की हालत बद से बदतर हो रही है। गांव के मुख्य स्थान पर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जहां सीसी रोड बननी चाहिए थी, वहां कचरे के ढेर से आमजन परेशान हैं।

> ग्रामीणों ने उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि विकास के नाम पर सिर्फ कागजी खेल हो रहा है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में कब तक सख्त कदम उठाता है।

कुर्बानी के लिए लाया बकरा चोरी, पुलिस ने 3 घंटे में बरामद कर मालिक को सौंपा

20 हजार का बकरा चुराने वाला गढ़ी मोहल्ला का अलीम टोपा निकला

नवभारत,दमोह। सिटी कोतवाली क्षेत्र में बकरीद के पर्व पर कुर्बानी के लिए लाया गया बकरा चोरी होने का मामला सामने आया है। गुरुवार सुबह बकरा चोरी होने की रिपोर्ट मालिक नईम खान ने कोतवाली में दर्ज कराई थी। सीएसपी एचआर पांडे ने बताया कि पलंदी चौराहा निवासी नईम खान कुर्बानी के लिए 20,000 रुपए का बकरा खरीद कर लाए थे। उन्होंने बकरे को अपने घर के बाहर परिसर में बांध दिया था। गुरुवार सुबह वह नमाज के लिए गए, तभी बकरा चोरी हो गया। वापस आने पर बकरा नहीं मिला तो उन्होंने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई।

> टीआई कोतवाली मनीष कुमार को जानकारी दी गई। पुलिस ने तुरंत खोजबीन शुरू की और करीब 3 घंटे की मशक्कत के बाद चोरी हुए बकरे को खोज लिया। जांच में पता चला कि गढ़ी मोहल्ला निवासी अलीम टोपा बकरा चुरा कर ले गया था। पुलिस ने बकरा बरामद कर मालिक नईम खान के सुपुर्द कर दिया ।बकरा वापस मिलने के बाद मालिक नईम खान काफी खुश हुए। उन्होंने बताया कि बकरे की खोज के लिए वह काफी परेशान हो रहे थे। पुलिस की तत्परता से बकरीद की कुर्बानी हो सकेगी।

एक नजर में

वैवाहिक वर्षगांठ पर मंत्री धर्मेंद्र लोधी ने किया भगवान शिव का अभिषेक

नवभारत,दमोह। नोहटा नगर में मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी के परिवार में आयोजित श्री भागवत कथा के चौथे दिन आध्यात्मिक वातावरण भाव-विभोर कर देने वाला रहा। वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर कथा व्यास पं .उमाशंकर शास्त्री ने मंत्री लोधी को भगवान शिव का अभिषेक कराया ।कथा व्यास पं. उमाशंकर शास्त्री ने सत्संग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यदि अच्छे लोगों का संग सुलभ न हो तो अच्छी पुस्तकें पढ़नी चाहिए, क्योंकि जैसे सत्संग जीवन को निर्मल बनाता है,वैसे ही अच्छा साहित्य भी आत्मा को शुद्ध करता है। उन्होंने श्रीकृष्ण जन्म के प्रसंग को विस्तार से सुनाते हुए बताया कि जब जब पृथ्वी पर अधर्म और अत्याचार बढ़ा, तब तब भगवान ने अवतार लेकर धर्म की स्थापना की। मथुरा में कंस के अत्याचारों से व्यथित धरती की पुकार पर भगवान नारायण ने देवकी के गर्भ से कृष्ण रूप में जन्म लिया और धर्म की रक्षा करते हुए कंस का वध किया। जैसे ही कथा में श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग आया, पूरा पंडाल जय श्रीकृष्ण के नारों से गूंज उठा। श्रद्धालु नाचते-गाते भगवान के जन्म की खुशियां मनाने लगे। वातावरण में भक्ति और उल्लास का संचार हो गया ।कथा व्यास ने कहा कि भागवत कथा सुनना सौभाग्य की बात है।

किसान संघों के पदाधिकारियों और संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ अहम बैठक संपन्न

नवभारत,दमोह .जिले में खरीफ सीजन की तैयारी को लेकर कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसानों को खाद-बीज की उपलब्धता में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने किसान संघों के साथ बैठक में उनकी बातो और समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की और प्राप्त सुझावों के आधार पर संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। उकलेक्टर श्री यादव ने कहा मूंग खरीदी के लिए पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है, जो 15 जून तक चलेगी। कलेक्टर ने मूंग उत्पादक किसानों से अपील की है कि वे समय रहते अपना पंजीयन अवश्य करा लें ताकि खरीदी प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा न आए ।मंडियों में किसानों की समस्याओं पर तत्काल कार्रवाई किसानों को मंडियों में हो रही परेशानियों की जानकारी मिलने पर कलेक्टर श्री यादव ने मंडी अधिकारियों को तत्काल आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

वरिष्ठ अधिवक्ता हरवंशलाल अवस्थी का निधन

नवभारत,दमोह। शहर के जबलपुर नाका निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता हरवंशलाल अवस्थी का 27 मई को आकस्मिक निधन हो गया है .उनके निधन से अधिवक्ता जगत सहित पूरे शहर में शोक की लहर है .परिजनों,मित्रों व शुभचिंतकों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है.

थाना कुम्हारी पुलिस को मिली सफलता

गुम नाबालिग बालिका राजस्थान से दस्तयाब

कुम्हारी नवभारत 28 मई। पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत भदौरिया तथा एसडीओपी हटा सौरभ त्रिपाठी के मार्गदर्शन में थाना कुम्हारी पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना कुम्हारी पुलिस ने 6 दिन पूर्व गुम हुई नाबालिग बालिका को राजस्थान के अलवर से सकुशल दस्तयाब किया है ।जानकारी के अनुसार थाना कुम्हारी में 21 मई 2026 को फरियादिया श्रीमती आरती लोधी निवासी ग्राम देवरी रतन ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी नाबालिग बहन को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। मामले में थाना कुम्हारी में अपराध क्रमांक 80/26 धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया था।

तकनीकी साक्ष्यों की ली गई मदद

थाना प्रभारी कुम्हारी उपनिरीक्षक ब्रजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयास करते हुए तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर सूचना के आधार पर नाबालिग बालिका को राजस्थान के अलवर से सकुशल दस्तयाब कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा टीम के कार्य की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी गई है।

पुलिस ने कराया अंतिम संस्कार

नवभारत, दमोह. पथरिया सामुदायिक अस्पताल से 23 मई 2026 को इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल में भर्ती कराए गए एक अज्ञात वृद्ध की उपचार के दौरान मौत हो गई.जानकारी के अनुसार वृद्ध का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा था.बुधवार को इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया.वृद्ध का कोई वारिस सामने न आने पर जिला अस्पताल चौकी से प्रधान आरक्षक शुभ नारायण यादव और शव परीक्षण सहयोगी लोकेश ने मानवता का परिचय देते हुए अंतिम संस्कार कराया.पुलिस ने पूरे विधि विधान से वृद्ध का कफ्न दफ्न कराया.अस्पताल प्रशासन और स्थानीय लोगों ने पुलिस के इस मानवीय कार्य की सराहना की. सीढ़ियों से गिरकर घायल 86 वर्षीय वृद्ध की इलाज के दौरान मौत इधर छत की सीढ़ियों से गिरने पर घायल हुए 86 वर्षीय वृद्ध को बुधवार देर सुबह इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल लाया गया था.जहां ट्रामा वार्ड में उपचार के दौरान बुधवार शाम वृद्ध की मौत .

65 वर्षीय वृद्ध महिला की संदिग्ध हालात में मौत

बुधवार शाम 65 वर्षीय वृद्ध महिला को इलाज के लिए परिजन दमोह जिला अस्पताल लेकर पहुंचे .जहां डॉक्टर ने चेकअप और ईसीजी के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया .प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतिका शांति बाई पति हरिराम अहिरवार उम्र 65 वर्ष निवासी चौनपुरा,थाना दमोह कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली थी . मौत की सूचना मिलते ही पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सुपुर्द किया .

घायल को युवा वैभव ने पहुंचाया अस्पताल

मानवता की मिसाल : रात में सड़क पर पड़े घायल को देख नहीं किया अनदेखा

नवभारत,दमोह। सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत रेल्वे स्टेशन के समीप बुधवार रात एक व्यक्ति अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर पड़ा था. उसी दौरान वहां से गुजर रहे युवा भाजपा नेता वैभव तिवारी की नजर घायल पर पड़ी.वैभव तिवारी ने तत्काल मानवता का परिचय देते हुए बिना देर किए घायल को उठाया और अपने वाहन से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे. जिला अस्पताल में उन्होंने घायल का इलाज शुरू कराया। स्थानीय लोगों ने वैभव तिवारी की तत्परता और संवेदनशीलता की सराहना की. लोगों का कहना है कि यदि समय पर मदद न मिलती तो हादसा बड़ा हो सकता था। फिलहाल घायल का इलाज जिला अस्पताल में जारी है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है।

नारायणपुरा घाटी पर सड़क हादसा, बाइक सवार एक की मौत, एक घायल

नवभारत,हटा/दमोह। बुधवार को रजपुरा थाना क्षेत्र के नारायणपुरा घाटी पर बाइक सवारों के अनियंत्रित होकर गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दूसरा घायल हो गया ।हादसे की सूचना पर रजपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची ।मृतक का नाम कल्लू बंसल बताया गया है ।पुलिस ने मर्ग पंचनामा की कार्यवाही के बाद शव पोस्टमार्टम हेतु अस्पताल भेज दिया था . वहीं घायल संतोष को डायल 112 द्वारा इलाज के लिए सिविल अस्पताल हटा भेजा गया .घायल संतोष ने बताया कि किसी अज्ञात वाहन ने क्रासिंग के दौरान टक्कर मार दी,जिससे बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई।

समस्या

ग्रामीण आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे

मझौली में जल संकट, एक हैंडपंप के भरोसे 50 परिवार

कुम्हारी नवभारत 28 मई। विकास के बड़े-बड़े दावों के बीच पटेरा जनपद अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मझौली के ग्रामीण आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं।

गाँव में हर घर तक पानी पहुंचाने के नाम पर पानी की टंकी का निर्माण तो करा दिया गया है, लेकिन भ्रष्टाचार और घटिया निर्माण के कारण यह सफेद हाथी साबित हो रही है। टंकी बनने के बाद भी ग्रामीणों के घरों तक पानी की एक बूंद नहीं पहुच पाई है। इस अव्यवस्था के चलते गांव के लगभग 40 से 50 परिवार पानी की बूंद-बूंद के लिए सिर्फ एक सरकारी हैंडपंप पर निर्भर हो चुके हैं। मुसीबत तब और बढ़ जाती है जब भीषण गर्मी के मौसम में इस इकलौते हैंडपंप ने भी जवाब दे दिया है। अब उसमें से भी नाममात्र का पानी निकल रहा है।

भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा : सगुनिया

गांव की निवासी सगुनिया बाई ने अपना दर्द बयां करते हुए कहा, 'हम लोग पूरी तरह से एक ही हैंडपंप के भरोसे हैं। अब उसमें भी पानी आना लगभग बंद हो गया है। काफी देर नल चलाने के बाद भी एक बाल्टी पानी नसीब नहीं हो रहा। हमें रोज़मर्रा के कामों के लिए भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

सप्लाई का काम पीएचपी विभाग का है : रविकांत

स्थानीय ग्रामीण सावित्री, लक्ष्मी और रामचंद्र चौधरी ने रोष जताते हुए कहा कि इस गंभीर समस्या को लेकर कई बार शिकायत की गई, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं। प्रशासन की इस घोर लापरवाही के कारण ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। जब इस संबंध में अस्सिटेंट इंजीनियर जल निगम रविकांत से बात की तो उन्होंने कहा कि मेरा काम केवल टंकियां का संरक्षण करना है व टंकी तक पानी पहुंचाना हमारा काम है। सप्लाई करना एवं लाइन का काम पीएचपी विभाग का है।